**पी.जी.डी.आई.बी.ओ**

# अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय प्रचालन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.आई.बी.ओ)

## सत्रीय कार्य

(आई. बी. ओ-01 से आई. बी. ओ-06 तक)

**2025**

जनवरी 2025 तथा जुलाई 2025 प्रवेश सत्र के लिए

**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68**

# सत्रीय कार्य – 2025–2026

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **( जनवरी 2025 और जुलाई 2025 )** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जनवरी 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2025** है।
2. जो **जुलाई 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2026** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -01** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय परिवेश** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -01/ टी. एम. ए. / 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** (क) अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक परिवेश को परिभाषित करें। एक अंतर्राष्ट्रीय फर्म को विदेश के उद्योग और भुगतान शेष लेखे का क्यों सावधानीपूर्वक निरिक्षण करना चाहिए ? उदाहरण दें। (10+10)

(ख) भौगोलिक परिवेश से आप क्या समझते हैं? समझाइए कि भूगोल को व्यापार प्रणालियों, व्यापार केंद्रों और मार्गों के विकास में एक प्रमुख योगदान कारक कैसे माना जाता है।

2. व्यापार के गैर परम्परावादी सिद्धांतों से आप क्या समझते हैं? गैर परम्परावादी व्यापार के विभिन्न सिद्धांतों की व्याख्या करें। व्यापार के आधुनिक सिद्धांत गैर परम्परावादी सिद्धांत किस प्रकार भिन्न हैं? उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा करें। (4+8+8)

3. निम्नलिखित पर टिप्पणी करें: (4X5)

(क) भुगतान शेष सांख्यिकी विनिमय बाजार को प्रभावित नहीं करती है।

ख) आयात कोटा गैर-टैरिफ बाधाओं की नीति को लागू करने के लिए जटिल साधन है।

ग) विश्व GDP में विश्व वाणिज्यिक व्यापार की तुलना में तीव्र दर वृद्धि हुई है।

घ) विकासशील देश अब विदेशी निवेशकर्ता के बजाय केवल FDI प्राप्तकर्ता हो रहे हैं।

4. निम्नलिखित के बीच अंतर कीजिए: (4X5)

(क) संरक्षणवाद और अनुदान

(ख) GATT और WTO

(ग) क्षेत्रीयवाद और बहुपक्षीयता

(घ) EDI और इंटरनेट

**5.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: (4X5)

(क) कारक मूल्य साम्यकरण सिद्धांत

(ख) पराराष्ट्रीय निगम

(ग) क्षतिपूरक वित्तीय सुविधा

(घ) विवाचन और सुलह में ICC की भूमिका

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -02** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय विपणन प्रबंधन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -02/ टी. एम. ए. / 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** एक कंपनी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश करना चाहती है। कंपनी ने निर्णय लिया कि वह दूसरी स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर कार्य करेगी। प्रवेश के वह तरीके बताइये जहाँ विदेशी कंपनी की भागीदारी की गुंजाइश संभव है। उन तरीकों की व्याख्या करें और आलोचनात्मक रूप से मल्यांकन करें और बताएं कि उनमें से प्रत्येक किस स्थिति में उपयुक्त है। **(20)**

**2.** "विपणनकर्ताओं को उत्पादों की तुलना में सेवाओ के विपणन के दौरान अनेक अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है"। ऐसा क्यों है? समझाइए तथा विपणन चुनौतियों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। **(20)**

**3.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखिए: **(4X5)**

(क) विज्ञापन अनुरोध और उत्पाद विशेषता

(ख) ई.पी.आर.जी. का स्थिति निर्धारण

(ग) अंतर्राष्ट्रीय विपणन में मूल्य निर्धारण विधियाँ एवं नीतियाँ

(घ) अंतर्राष्ट्रीय विपणन की अवधारणा

4. निम्नलिखित में अंतर कीजिए: **(4X5)**

(क) वारण्टी और गारण्टी

(ख) प्राथमिक डेटा और द्वितीयक डेटा

(ग) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विक्रय श्रंखला

(घ) घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय विपणन नियोजन

**5.** निम्नलिखित कथनों पर टिप्पणी कीजिए: **(4X5)**

क) "विपणन शोध रिपोर्ट में केवल परिणामों का उल्लेख होना चाहिए। इसमें अध्ययन परिणामों पर आधारित उचित कार्यवाही के विषय में कोई टिप्पणी नहीं होनी चाहिए"।

ख) 'अन्तर्राष्ट्रीय विपणन शोध जटिलताओं से भरी है"

ग) "वैश्विक स्थिति उत्पादों की उन श्रेणियों के लिए सर्वाधिक प्रभावी है जो 'उच्च- स्पर्श / उच्च-तकनीक' सांतत्य के किसी भी ओर स्थित हों।"

घ) "वैधानिक घटकों का विश्लेषण अंतर्राष्ट्रीय बाजार के चयन में महत्वपूर्ण है"।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -03** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **भारत का विदेश व्यापार** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -03/ टी. एम. ए. / 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** भारत के भुगतान शेष की प्रमुख विशेषताएं बताइये । भारत में भुगतान शेष को सुधारने हेतु आप क्या उपाय करेंगे ? **(20)**

**2.** राष्ट्रीय निर्यात प्रयासों में वृद्धि हेतु भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किये गये प्रयासों की व्याख्या कीजिये । निर्यात क्षेत्र में कौन से प्रमुख क्षेत्रों की सहायता को ध्यान में रखकर यह उपाय अपनाये गये हैं ? **(20)**

**3.** सरकार द्वारा कृषि उत्पादों के भारत से निर्यात के लिए किये जाने वाले उपायों की विवेचना करें । कृषि उत्पादों के भारत से निर्यात को बढ़ाने के लिए आप क्या कार्यनीति सुझा सकते है । **(20**

**4.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए: **(10+10)**

(क) भारत का निर्यात और सेवाओं का मार्ग

(ख) भारत – संयुक्त राष्ट्र अमेरिका व्यवसाय पूर्वेक्षण

**5.** निम्नलिखित कथनों पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए: **(4x5)**

(क) आर्थिक समृद्धि हेतु विदेशी निवेश को आवश्यक समझा गया।

(ख) भारतीय अर्थव्यवस्था में भारतीय कपड़ा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण स्थान धारण करता है।

(ग) पिछले कुछ वर्षों में रसायन उद्योग ने प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है।

(घ) जापान विश्व का विशालतम निर्यातकर्ता एवं आयातकर्ता हैं।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -04** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **निर्यात - आयात प्रक्रिया और प्रलेखीकरण** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -04/ टी. एम. ए. / 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** निर्यात के लिए माल तैयार करने और बंदरगाह तक पहुँचाने से संबंधित कार्यवाही का वर्णन करें। निर्यात के लिए सीमा शुल्क की अनुमति प्राप्त करने के लिए शिपिंग बिल के साथ कौन से सहायक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने चाहिए? **(10+10**

**2.** क) विदेशी मुद्रा नियंत्रण से आपका क्या अभिप्राय है? विदेशी मुद्रा नियंत्रण के व्यापक उद्देश्यों का वर्णन करें। **(10+10)**

ख) निर्यातकों को पैकिंग ऋण देने का उद्देश्य क्या है? पैकिंग ऋण की कार्यविधियों की व्याख्या करें।

**3.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए: **(4X5)**

क) सभी निर्यात जिन पर घोषणा की आवश्यकता लागू होती है, उन्हें उचित फार्मों पर घोषित नहीं किया जाना चाहिए।

ख) साख जोखिम एक ही है चाहे माल घरेलू बाजार में बेचे या विदेशी बाजार में।

ग) विशेष आर्थिक क्षेत्रों और निर्यात-उन्मुख-इकाइयों के लिए सभी उत्पादन लागतों के लिए पूरी तरह से लाइसेंस मुक्त और शुल्क मुक्त आयात सुविधा उपलब्ध है।

घ) RCMC के बिना पंजीकृत निर्यातकों के निर्यात भी नीति में दिए गए लाभों के लिए योग्य होंगे।

**4.** निम्नलिखित के बीच अंतर कीजिए: **(4X5)**

(क) लाइनर और ट्रैम्प जहाजी सेवाएँ

(ख) खुला संरक्षण और खुली पॉलिसी

(ग) विशिष्ट शुल्क और मूल्यानुसार (एडवैलोरम) शुल्क

(घ) शुल्क मुक्त योजना और शुल्क परिहार योजना

**5.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: **(4X5)**

(क) वसूली के अंतर्गत बिल पर वित्तीयन

(ख) भारतीय निर्यात संगठन फेडरेशन (FIEO)

(ग) मानकीकृत पोत-लदान पूर्व निर्यात प्रलेख

(घ) अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध शर्तें

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -05** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय विपणन लॉजिस्टिक्स** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -05/ टी. एम. ए. / 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** (क) विपणन लॉजिस्टिक्स को परिभाषित करें और इसके उद्देश्यों की व्याख्या करें। **(10+10)**

(ख) रणनीतिक लॉजिस्टिक्स योजना के मुख्य पक्ष क्या हैं? इन पक्षों की व्याख्या करें और इन्हे प्रभावित करने वाले कारकों को सूचीबद्ध करें।

**2.** (क) 'चयनात्मक स्टॉक नियंत्रण' क्या है? इस संदर्भ में एबीसी (A-B-C) तकनीक की विवेचना करें। **(10+10)**

(ख) वायु मार्ग विधेयक की प्रकृति की व्याख्या करें। वायु मार्ग द्वारा माल के वाहक के कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों को बताएं।

**3.** निम्नलिखित पर टिप्पणियां कीजिए : **(4X5)**

(क) "समर्पित भंडारण सार्वजनिक और निजी भंडारण सेवाओं का एक संयोजन है।"

(ख) "वितरण, विपणन और विनिर्माण को व्यवसाय के भीतर अलग-अलग गतिविधियों के रूप में नहीं देखा जा सकता है, खासकर रणनीतिक स्तर पर।"

(ग) "अत्यधिक कार्यशील बंदरगाहों को निम्न स्तर की उत्पादकता और कुशलता का सामना करना होता हैं और इस तरह से उपयोगकर्ता की दृष्टि से महंगे साबित होते हैं।"

(घ) " पूर्ति श्रृंखला के कार्यकरण के उद्देश्य और नीतियाँ अक्सर प्रचालन इकाई के अन्दर और बाहर अक्सर टकराव की स्थिति में होती हैं। "

**4.** निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए : **(4X5)**

क) सामान्य कार्गो दर और विशिष्ट कार्गो दर

ख) जहाज मालिकों का ग्रहणाधिकार और समुद्री ग्रहणाधिकार

ग) निर्बंध और सशर्त लदान बिल

घ) अंत: प्रतिरूपण और बहु-प्रतिरूपण

**5.** निम्नलिखित व्यक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए : **(4X5)**

क) ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

ख) 1916 का यूएस शिपिंग अधिनियम और 1984 का यूएस शिपिंग अधिनियम

ग) माल परिवहन

घ) बंदरगाहों का निजीकरण

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -06** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय वित्त** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -06/ टी. एम. ए. / 2025** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** केंद्रीकृत रोकड़ प्रबंध के क्या लाभ हैं? अंतर्राष्ट्रीय रोकड़ प्रबंध के लिए पूलिंग लाभो को कैसे प्रदान कर सकती है? तरलता वरीयता अंतर्राष्ट्रीय रोकड़ प्रबंधन निर्णयों को कैसे प्रभावित करती है? **(4+8+8)**

**2.** (क) प्रतिफल वक्र को परिभाषित कीजिए |इसको कैसे निर्मित किया जाता है? प्रतिफल वक्र को ब्याज दर जोखिम कैसे प्रभावित करता है? **(10+ 10)**

(ख) लेन-देन एक्सपोज़र से आप क्या समझते है? दीर्घकाल में तथा अल्पकाल में लेन-देन एक्सपोज़र के प्रबंध की विभिन्न तकनीकों का वर्णन कीजिए।

**3.** **निम्नलिखित पर टिप्पणियां कीजिए :** **(4X5)**

(क) " फ्लोटिंग विनिमय दर की प्रणाली असफल हो जाती है जब सरकार विनिमय बाजारों के निर्णय की उपेक्षा कर देती है उनकी नीतियों पर व व्यापार व पूँजी प्रवाहो के प्रत्यक्ष नियंत्रणो पर आश्रित होती है "।

(ख) “ प्रतिकूल BOP स्थिति को सही करने के लिए अवमूल्यन अत्यधिक प्रभावी समाधान है "।

(ग) " ब्याज दर समता तथा अग्रता और पश्च्ता का सम्बन्ध वायदा अनुबंध / अग्रिम अनुबंध के साथ होता है "।

(घ) " वित्तीय समीक्षा के लिए कहा जाता है की यह किसी भी परियोजना के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण समीक्षा है"।

**4.** **निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए :** **(4X5)**

(क) व्यापार शेष व भुगतान शेष

(ख) मुद्रा स्वैप और ब्याज दर स्वैप

(ग) प्राथमिक होल्डिंग कंपनी और इंटरमीडिएट होल्डिंग कंपनी

(घ) फ्लोटिंग दर प्रणाली और स्थिर दर प्रणाली

**5.** **निम्नलिखित पर संक्षेप में व्याख्या कीजिए** : **(4X5)**

(क) स्पॉट लेनदेन

(ख) वैश्विक पूंजी संरचना के निर्माण पर व्युत्पन्नो का प्रभाव

(ग) यूरो बॉण्ड

(घ) साख पत्र